**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**

| Class: VIII (3rd Lang) | Department: Hindi | Month- August-2026 |
|---|---|---|
| Q. Bank & Grammar | **Topic:** नारानथ का पागलपन | **Note: Pls. check with your class work** |

## अति लघु प्रश्न-उत्तर

Q.1- नारानथ का पागल किस राज्य में था?
A. नारानथ का पागल केरल राज्य में था|

Q.2- नारानथ ने अपने जन्मदिन पर क्या करने की सोची?
A. नारानथ ने अपने जन्मदिन पर लोगों को दावत देने की सोची|

Q.3- नारानथ ने जब बरतन लौटाए तो साथ में क्या दिया?
A. नारानथ ने जब बरतन लौटाए तो साथ में छोटे बरतन भी दिए|

Q.4- एक अधिक बरतन पाकर लोगों की क्या प्रतिक्रिया थी?
A. एक अधिक बरतन पाकर लोग बहुत प्रसन्न हुए|

Q.5- नारानथ ने दूसरी बार दावत क्यों दी?
A. नारानथ ने दूसरी बार दावत अपने पिता के श्राद्ध के लिए दी|

Q.6- दूसरी बार के बरतनों का नारानथ ने क्या किया?
A. दूसरी बार के बरतनों को नारानथ ने बेच दिया|

Q.7- नारानथ के पागल ने लोगों को क्या सीख दी?
A. नारानथ के पागल ने लोगों को सीख दी कि लालच नहीं करना चाहिए|

## लघु प्रश्न-उत्तर

Q.1- बरतन देरी से लौटाने का नारानथ ने क्या कारण बताया?

A. नारानथ ने बताया कि उसके तहखाने में एक जादुई शक्ति है| वहाँ जो चीज रखी जाती है, वह जीवित हो जाती है| इसी कारण बरतन जीवित हो उठे| बरतनों को नाचते-गाते उसने देखा है| इसीलिए बरतन लौटाने में देरी हो गई|

Q.2- दूसरी बार बरतन न लौटा पाने का नारानथ ने क्या कारण बताया?

A. दूसरी बार बरतन न लौटा पाने का नारानथ ने कारण बताया कि जो बरतन उसने उधार लिए थे उन्हें तहखाने में फिर से रखे थे| इस बार वहाँ नहीं हैं| इसीलिए वह उन्हें वापस न कर सका|

Q.3- बरतन न लौटा पाने का नारानथ ने न्यायाधीश को क्या तर्क दिया?

A. बरतन न लौटा पाने का नारानथ ने न्यायाधीश को तर्क दिया कि उसके तहखाने की जादुई शक्ति के कारण पहले बरतन जीवित हो जाते थे| इस बार सारे बरतन मर गए| यदि आप जन्म मानते हैं तो मृत्यु भी माननी पड़ेगी|

## व्याकरण भाग

**प्र1- निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए|**

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1- | मामा | मामी |
| 2- | भतीजा | भतीजी |
| 3- | छात्र | छात्रा |
| 4- | शिक्षक | शिक्षिका |
| 5- | नाना | नानी |
| 6- | हिरन | हिरनी |
| 7- | पुरुष | महिला |
| 8- | शेर | शेरनी |

**प्र2- निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए |**

| एक वचन | बहुवचन |
|---|---|
| 1- तहखाना | तहखाने |
| 2- दरवाज़ा | दरवाजे |
| 3- बच्चा | बच्चे |
| 4- महीना | महीने |
| 5- पुस्तक | पुस्तकें |
| 6- दवाई | दवाइयाँ |
| 7- कविता | कविताएँ |
| 8- कहानी | कहानियाँ |

**प्र3- निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए |**

| | | |
|---|---|---|
| 1- वि- | विदेश, | विनम्र |
| 2- आ- | आजन्म, | आमरण |
| 3- दुर् - | दुर्बल, | दुर्जन |
| 4- सु- | सुपुत्र, | सुलभ |
| 5- अ - | अनाथ, | अथाह |
| 6- अन - | अनजान, | अनपढ़ |
| 7- बे - | बेईमान, | बेशरम |
| **8-** ला- | लापता, | लाजवाब |

**---xxx---**